संख्या:30 /2015/ 114 बीपी/35-1-2015

प्रेषक,

जे.बी.सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,
लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश।

नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ :दिनांक 04 जून, 2015

विषय:- बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत लघु सिंचाई विभाग की परियोजनाओं हेतु धनराशि अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में शासनादेश संख्या-34बीपी/35-1-2014 दिनांक 28 फरवरी, 2014 के माध्यम से लघु सिंचाई विभाग से सम्बन्धित निम्नांकित मदों/परियोजनाओं को रू. 172.50 करोड़ (अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता से वित्त पोषित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 17.20 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई थी, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा कोई धनराशि व्यय नहीं की गयी और पूर्ण धनराशि समर्पित कर दी गई। वर्ष 2014-15 में शासनादेश संख्या 132बीपी/35-1-2014 दिनांक 16 जून, 2014 द्वारा परियोजना के अवशेष कार्यों हेतु रू. 39.00 करोड़ तथा शासनादेश संख्या 185बीपी/35-1-2014 दिनांक 6 अगस्त, 2014 द्वारा रू. 18.85 करोड़ की धनराशि अर्थात वर्ष 2014-15 में परियोजना के अवशेष कार्यों हेतु कुल मिलाकर रू. 57.85 करोड़ अवमुक्त की गई, जिसके सापेक्ष विभाग द्वारा कुल रू. 48.85 करोड़ व्यय किया गया तथा अवशेष धनराशि समर्पित कर दी गई। इस प्रकार वर्ष 2014-15 तक परियोजनान्तर्गत कुल रू. 48.85 करोड़ धनराशि व्यय हुई है। वर्ष 2015-16 में केन्द्रीय बजट में बुन्देलखण्ड पैकेज को केन्द्रीय सहायता से डी-लिंक कर दिये जाने के फलस्वरूप मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित संयुक्त कार्यान्वयन समिति द्वारा भारत सरकार से पैकेज के द्वितीय चरण के कार्यों हेतु अल्प धनराशि अवमुक्त होने के दृष्टिगत प्रश्नगत कार्यों हेतु अवशेष आवश्यकता को रू. 15.45 करोड़ पर संशोधित किया गया है। एतद् द्वारा परियोजनाओं के अवशेष कार्यों हेतु वर्ष 2015-16 में रू. 15.45 करोड़ (रूपये पन्द्रह करोड़ पैंतालीस लाख मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(करोड़ रू. में)

	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत	वर्ष 2014-15 तक व्यय	वर्ष 2015-16 में संशोधित अवशेष आवश्यकता	अवमुक्त धनराशि
1	सामुदायिक नलकूपों का निर्माण	12.50	4.25	8.25	8.25
2	चेकडैम का निर्माण	160.00	44.60	7.20	7.20
	योग-	172.50	48.85	15.45	**15.45**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- सन्दर्भित शासनादेशों की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

2- कार्यों को मानको के अनुरूप गुणवत्ता के साथ अवमुक्त धनराशि से वर्ष 2015- 16 में ही पूर्ण किया जायेगा तथा कोई अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

3- स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में दिनांक 31 मार्च , 2016 से पूर्व कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे दिनांक 31 मार्च , 2016 से पूर्व समर्पित किया जायेगा।

4- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान कार्यालय महालेखाकार ,इलाहाबाद , उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 03 माह में अर्थात 30 जून 2016 तक अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

5- स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कार्यवार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की सूचना पूर्व निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक नियोजन विभाग को भेजी जायेगी।

2- स्वीकृत धनराशि के समक्ष होने वाला व्यय संलग्नक में उल्लिखित लेखाशीर्षों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या:2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जे.बी. सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या– 30/2015/ 114 बीपी (1)/35-1-2015, तद दिनांक।

प्रतिलिपि निम्लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-प्रधान महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2-महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3-प्रमुख सचिव, वित्त विभाग।
4-प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई/ वन/ कृषि विभाग ।
5-निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
6-मण्डलायुक्त, झांसी/ चित्रकूट धाम।
7-जिलाधिकारी, झांसी/ ललितपुर/ जालौन/ हमीरपुर/ बांदा/ महोबा/ चित्रकूट।
8-मुख्य विकास अधिकारी, झांसी/ललितपुर/जालौन/ हमीरपुर/ बांदा/ महोबा/ चित्रकूट।
9-कोषाधिकारी, झांसी/ललितपुर/जालौन/ हमीरपुर/ बांदा/ महोबा/ चित्रकूट।
10-वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5
11-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, झांसी/ ललितपुर/ जालौन/ हमीरपुर/ बांदा/ महोबा/ चित्रकूट।
12-गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(जे.बी.सिंह)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या:-संख्या- 30/2015/ 114 बीपी/35-1-2015, दिनांक 04 जून, 2015 का संलग्नक

(धनराशि करोड़ रूपये में)

	मद	अवमुक्त धनराशि	लेखाशीर्ष
1	सामुदायिक नलकूपों का निर्माण	8.25	लेखाशीर्ष-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-पिछड़े क्षेत्र-800-अन्य व्यय-04-बुन्देलखण्ड की विशेष योजनायें -81-लघु सिंचाई के अन्तर्गत सामुदायिक नलकूपों का निर्माण -24-वृहद निर्माण
2	चेकडैम का निर्माण	7.20	लेखाशीर्ष-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-पिछड़े क्षेत्र-800-अन्य व्यय-04-बुन्देलखण्ड की विशेष योजनायें -82-लघु सिंचाई के अन्तर्गत चेकडैम का निर्माण -24-वृहद निर्माण
	योग-	**15.45**	**(रूपये पन्द्रह करोड़ पैंतालिस लाख मात्र)**

(जे.बी.सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।